जागरण

# पैंसठ हजार के नकली नोट जब्त, तीन गिरफ्तार

Publish Date:Mon, 28 Jan 2019 09:43 PM (IST)

संवाद सूत्र, ब्रजराजनगर : लखनपुर ब्लॉक अंतर्गत छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित गांवों में नकली नोटों के प्रचलन का रेंगाली पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस कारोबार से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने समेत उनके पास से 65000 रुपये के नकली नोट भी बरामद किया गया हे। आरोपितों में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला के मीडमिडा गांव के 51 वर्षीय विराट गुप्ता, चांटीपाली गांव के 24 वर्षीय दिनेश विश्वाल तथा रायगढ़ जिले के पुसौर थाना अंतर्गत टिनमिनी गांव का 45 वर्षीय मुकुंद गुप्ता शामिल है। इस रैकेट की कड़ी लखनपुर ब्लाक के सीमावर्ती गांवों से जुड़ी होने की जानकारी सामने आयी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, रायगढ़ जिले के मीडमिडा गांव का विराट गुप्ता पिछले आठ-दस वर्षों से भिकमपाली पंचायत अंतर्गत चिखलापाली गांव में रहता था एवं उसने गांव के एक दुकानदार को खुदरा लेने के लिए नकली नोट दिए थे। बाद में दुकानदार जब नोट लेकर संबलपुर जिला समवाय बैंक में जमा करने पहुंचा तो खजांची ने उसे नोट नकली होने की जानकारी दी। तब दुकानदार ने नकली नोट देने वाले को खोजा एवं बाद में रेंगाली थाना को भी मामले से अवगत करा दिया। रेंगाली पुलिस ने विभिन्न जगहों पर धावा बोलकर चांटीपाली के दिनेश बिस्वाल एवं रायगढ़ जिले के पिसौर थाना अंतर्गत टिनमिनी गांव के शक्तराम गुप्ता के पुत्र मुकुंद गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से पुलिस ने 2000 के 5 नोट, 500 के 110 नोट कुल 65000 रुपये के नकली नोट जब्त करने समेत एक स्कैनर ¨प्रटर, यूपीएस तथा नोट छापने की अन्य सामग्री बरामद की। रेंगाली थाना प्रभारी गीतिरंजन महापात्र के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में कनकतोरा चौकी प्रभारी चूड़ामणि महानंद प्रमुख शामिल थे।

Posted By: **Jagran**

Source: [https://www.jagran.com/odisha/jharsuguda-recover-duplicate-note-rengali-police-18897628.html](https://www.jagran.com/odisha/jharsuguda-recover-duplicate-note-rengali-police-18897628.html)